NCERT SOLUTIONS

CLASS - 6TH



aglasem.com

Class : 6th

Language : Hindi

Subject : Science

Chapter : 9

Chapter Name: सजीव एवं उनका परिवेश

Book Name : विज्ञान

Q1 आवास किसे कहते हैं?

Answer. आवास का अर्थ है वास स्थान (एक घर)। किसी सजीव का वह परिवेश जिसमें वह रहता है, उसका आवास कहलाता है। अपने भोजन, वायु, शरण स्थल एवं अन्य आवश्यकताओं के लिए जीव अपने आवास पर निर्भर रहता है। विभिन्न प्रकार के पौधे एवं जंतु एक ही आवास में संयुक्त रूप से रह सकते हैं।

Page : 93 , Block Name : अभ्यास

Q2 कैक्टस मरुस्थल में जीवनयापन के लिए किस प्रकार अनुकूलित है?

Answer. कैक्टस एक मरुस्थलीय पौधा है। निम्नलिखित लक्षण कैक्टस को मरुस्थल में जीवनयापन के लिए सहायता करते हैं :

→मरुस्थलीय पौधे वाष्पोत्सर्जन द्वारा जल की बहुत कम मात्रा निष्कासित करते हैं।

→कैक्टस में पत्तियाँ काँटों (शूल) का रूप ले लेती हैं। इससे पत्तियों से होने वाले वाष्पोत्सर्जन में होने वाले जल ह्रास में कमी आती है।

→ कैक्टस का तना एक मोटी मोमी परत से ढका होता है, जिससे पौधों को जल-संरक्षण में सहायता मिलती है।

→अधिकतर मरुस्थलीय पौधों की जड़ें मिट्टी में बहुत गहराई तक चली जाती हैं।

Page : 93 , Block Name : अभ्यास

Q3 रिक्त स्थानों की पूर्ति कीजिए :

(क) पौधे एवं जंतुओं में पाए जाने वाले विशिष्ट लक्षण जो उन्हें आवास विशेष में रहने योग्य बनाते हैं, _____ कहलाते हैं।

(ख) स्थल पर पाए जाने वाले पौधों एवं जंतुओं के आवास को _____ आवास कहते हैं।

(ग) वे आवास जिनमें जल में रहने वाले पौधे एवं जंतु रहते हैं _____ आवास कहलाते हैं।

(घ) मृदा, जल एवं वायु किसी आवास के _____ घटक हैं।

(ङ) हमारे परिवेश में होने वाले परिवर्तन जिनके प्रति हम अनुक्रिया करते हैं, _____ कहलाते हैं।

Answer. (क) अनुकूलन

(ख) स्थलीय

(ग) जलीय

(घ) अजैव

(ङ) उद्दीपन

Page : 93 , Block Name : अभ्यास

Q4 निम्नलिखित सूची में कौन-सी निर्जीव वस्तुएँ हैं?

हल, छत्रक, सिलाई मशीन, रेडियो, नाव, जलकुंभी , केंचुआ।

Answer. निम्नलिखित सूची में यह वस्तुएँ निर्जीव हैं।

हल, छत्रक, सिलाई मशीन, रेडियो, नाव

Page : 93 , Block Name : अभ्यास

Q5 किसी ऐसी निर्जीव वस्तु का उदाहरण दीजिए जिसमें सजीवों के दो लक्षण दिखाई देते हैं।

Answer. उदाहरण - कार।

कार गति कर सकती है। यह एक स्थान से दूसरे स्थान तक जा सकती है।

सजीवों की तरह कार को भी ऊर्जा की आवश्यकता होती है। कार ऊर्जा के लिए ईंधन का इस्तेमाल करती है।

Page : 93 , Block Name : अभ्यास

Q6 निम्न में से कौन-सी निर्जीव वस्तुएँ किसी समय सजीव का अंश थी?

मक्खन , चमडा, मृदा, ऊन, बिजली का बल्ब, खाद्य-तेल, नमक, सेब, रबड़।

Answer. निम्नलिखित निर्जीव वस्तुएँ किसी समय सजीव का अंश थी :

मक्खन, चमडा, ऊन, खाद्य-तेल, सेब, रबड़।

वस्तुएँ	स्रोत

aglasem.com

मक्खन	मवेशी पशु
चमडा	पशुओं की खाल
ऊन	भेड़
खाद्य-तेल	पौधों के बीज
सेब	पौधे
रबड़	पौधे का लेटेक्स

aglasem.com

Page : 93 , Block Name : अभ्यास

Q7 सजीवों के विशिष्ट लक्षण सूचीबद्ध कीजिए?

Answer. सजीव वस्तुओं के कुछ सामान्य लक्षण हैं :

→ उन्हें भोजन की आवश्यकता होती है

→वे श्वसन करते हैं

→उत्सर्जन करते हैं

→पर्यावरण के प्रति अनुक्रिया करते हैं

→प्रजनन करते हैं

→वृद्धि करते हैं

→गति करते हैं

Page : 93 , Block Name : अभ्यास

Q8 घास के मैदानी क्षेत्रों में रहने वाले जंतुओं को अपना अस्तित्व बनाए रखने के लिए तीव्र गति क्यों आवश्यक है। (संकेत-घासस्थल आवासों में छिपने के लिए वृक्षों की संख्या बहुत कम होती है।)

Answer. घासस्थल आवासों में छिपने के लिए वृक्षों की संख्या बहुत कम होती है।

शिकारी जंतु जैसे कि शेर, बाघ आदि दूसरे जंतुओं का शिकार करते हैं। शिकारी जंतु घास में बड़ी आसानी से अपने शिकार को खोज लेते हैं। इसलिए अपना अस्तित्व बचाने के लिए मैदानी क्षेत्रों में रहने वाले जंतुओं को तीव्र गति की आवश्यकता होती है। कमजोर जंतु अपनी तीव्र गति की वजह से शक्तिशाली जंतु का शिकार नहीं बनता और वहां से भाग जाता है।

Page : 93 , Block Name : अभ्यास

aglasem.com